बड़े भंडार में शिविर लगाकर फसल बीमा योजना की दी गई जानकारी



## खबर संक्षेप

### ग्रामीण डाक सेवकों की बेमियादी हड़ताल शुरु

**रायगढ़।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के देशव्यापी आह्वान पर अभा ग्रामीण डाक सेवक संघ संभाग रायगढ में 12 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी गई है। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। अभा ग्रामीण डाक सेवक संघ का कहना है कि संभाग एवं सरकार हमारी वाजीब मांगों को रोंद रही है। देश आजाद होने के बाद भी ग्रामीण डाक सेवक भयंकर त्रासदी भोग रहे है। गांव में डाक बांटने वाला ग्रामीण डाक सेवक सरकारी कर्मचारी नहीं कहलाता डाक विभाग अतिरिक्त कर्मचारी ही मानता है। डाक विभाग का 70 प्रतिशत इनकम ग्रामीण डाक सेवकों के जरिए ही आता है। फिर भी डाक विभाग ग्रामीण डाक सेवकों को 4 से 5 घंटे का काम के हिसाब से वेतन दे रहा है। जबकि ग्रामीण डाक सेवकों से 8 घंटों से भी अधिक काम लिया जा रहा है। मेडिकल सुविधा नहीं दी जा रही। पेंशन भी नहीं दिया जाता है। डाक विभाग द्वारा ग्रामीण डाक सेवकों के सेवा शर्तों में सुधार नहीं किया गया। इसको लेकर संगठन की ओर से लंबे समय से आंदोलन करते आ रहे हैं। हमारी मांगों में नियमित कर्मचारियों के समान ग्रेज्युटी में वृद्धि करने, परिवार को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करानेए समान कार्य के लिए समान वेतन सिद्धांत के तहत 5 घंटे के काम नियोजित नए कर्मचारियों को कार्यभार के आधार पर वार्षिक वेतन वृद्धि में भेदभाव समाप्त करने की मांग आदि शामिल है।

### लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक

**सारंगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी सहित राज्य के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की वीडियो क्रॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक ली। सीईओ श्रीमती कंगाले ने कहा कि मतदान केन्द्र की न्यूनतम दूरी और अधिकतम मतदाता संख्या आदि के मापदण्डों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने एवं मतदान केन्द्रों के भीड़ को कम करने के लिए युक्तियुक्तकरण किया जाना है। उन्होंने कहा कि नवीन मतदाताओं के जुड़ने के साथ.साथ मतदान प्रतिशत भी बढ़नी चाहिए।

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले 22 वर्षीय युवक को रिपोर्ट दर्ज कराने के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 10 नवंबर को पीड़िता बालिका के पिता ने कोतवाली थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी रायपुर में रहकर पढ़ाई कर रही है। बीते 2 नवंबर को लड़की ने उन्हें व्हाट्सएप में एक फोटो भेज कर बताया कि अतुल चौहान पिछले 2 साल से उसे डरा धमका कर शारीरिक शोषण कर रहा है। लड़की ने बताया कि रायगढ़ में ट्यूशन पढ़ने के दौरान उसकी पहचान अतुल चौहान से हुई थी और इसी बीच उन दोनों मित्रता हो गई थी। इस दौरान साथ में फोटो काफी खींचे थे। इन्हीं फोटो को वायरल करने की धमकी देकर अगस्त 2021 में अतुल चौहान उम्र 22 वर्ष निवासी सोनूमुड़ा उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और उसके बाद से कई बार डरा धमकाकर शारीरिक शोषण भी किया है। लड़की बताई कि अतुल रायपुर आकर उसके साथ गाली गलौज भी किया, तब परेशान बालिका ने उन्हें इसके बारे में बताया। इधर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कोतवाली पुलिस ने 11 नवंबर को ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### हजारों आवेदन, 10 फीसदी को भी वापस नहीं मिली राशि

# सरकार बदली, मगर चिटफंड कंपनियों से रकम वापसी पर संशय बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चिटफंड कंपनियों में जिले के करीब 65 हजार निवेशकों की गाढ़ी कमाई अटकी हुई है। पिछली राज्य सरकार ने चिटफंड कंपनियों से रकम वापसी का वादा करते हुए प्रक्रिया भी शुरू की थी। किंतु इन पांच सालों में 10 फीसदी निवेशकों को उनकी रकम वापस नहीं मिली। अब सरकार बदलने के बाद इस रकम वापसी पर संशय बना हुआ है। इस बात को लेकर जिला प्रशासन भी स्थिति स्पष्ट नहीं कर पा रहा है।

गौरतलब है कि कांग्रेस की सरकार ने चिटफंड कंपनियों में पैसे लगाने वाले निवेशकों को राहत देते हुए डूबत राशि की वापसी का वादा किया था और रकम वापसी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया भी शुरू की गई थी। इसके लिए तमाम विकासखंड, तहसील व जिला मुख्यालय में समस्त निवेशकों को आवेदन करने को कहा गया था। इस प्रक्रिया के शुरू होने के बाद निवेशको में उनकी डूबत रकम वापसी को लेकर एक आस जगी थी। हालांकि इसके लिए निवेशकों को काफी मशक्कत करने के साथ ही चक्कर भी काटने पड़े थे। भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने चिटफंड कंपनियों में जमा राशि के वापसी आम लोगों को दिलासा दिलाया था, लेकिन उसे पूरा करने में नाकाम रही। पीड़ित निवेशकों ने भी चुनाव के दौरान सत्ता को धूल चटाने में कसर नहीं छोड़ी। चूंकि अब नई सरकार आज गठित हो जाएगी। किंतु चिटफंड कंपनियों से राशि की वापसी की स्थिति स्पष्ट नहीं होने से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। राशि वापसी की आस में निवेशकों ने कतार में घंटों खड़े होकर आवेदन किया था।




#### अभिकर्ताओं को भी रकम वापसी का इंतजार

अहम बात यह है कि इन कंपनियों में जो लोग अभिकर्ता के रूप में कार्यरत थे, उन्होंने ने भी अपनी गाढ़ी कमाई इस आस में निवेश की थी कि इससे उन्हें भविष्य फायदा होगा। किंतु इसके विपरित स्थिति देखने को मिली। ऐसे स्थिति में अब उक्त अभिकर्ताओं को भी अपनी रकम वापसी का इंतजार है।

#### स्थिति स्पष्ट नहीं

अहम बात यह है कि बीते पांच में कांग्रेस सरकार ने निवेशकों से रकम वापसी को वादा तो जरूर किया, किंतु यह प्रक्रिया इतनी धीमी थी कि बीते पांच साल में इसका कोई खास लाभ निवेशकों को नहीं मिला। अब सरकार बदलने के बाद स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही है। हालांकि इस संबंध में सरकार के निर्देश का भी इंतजार प्रशासन कर रहा है। ताकि आगे की प्रक्रिया का क्रियान्वन हो सके।

#### पैसे वापसी पर भी हुआ खर्च

दरअसल अपनी गाढ़ी कमाई को डूबत खाते में जाता देख निवेशको ने उसे वापस पाने के लिए ऐड़ी चोंटी का जोर लगाने में कोई कोरकसर नहीं छोड़ी। तमाम कार्यालयों के चक्कर काटने से लेकर तमाम दस्तावेजों के लिए निवेशकों के काफी पैसे भी खर्च हुए। वहीं इस दौरान कोरोना संक्रमण के वक्त भी निवेशक अपने पैसे वापस पाने की कोशिश में लगे रहे। राशि पाने की आस में निवेशक पांच साल तहसील व जिला कार्यालयों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन उनके हाथों निराशा के अलावा कुछ नहीं लगा।

#### संपत्ति कुर्की पर भी समस्या

इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि जिले में कुछ कंपनियां थीं जिनकी संपत्ति कुर्क कर विक्रय करने की कोशिश भी की गई। किंतु उक्त कंपनियों की सम्पत्तियां ऐसी जगहों पर हैं कि उन्हें क्रय करने को लेकर कोई अपनी सहमति नहीं दे रहा है। ऐसी स्थिति में इन चिटफंड कंपनियों की संपत्ति से पैसे की वसूली में भी काफी परेशानियों का सामना प्रशासनिक अधिकारियों को करना पड़ रहा है।

#### चुनावी घोषणा पत्र में भी जिक्र

राज्य में सत्ता परिवर्तन से पहले चुनावी घोषणा पत्र में किसी भी दल ने चिटफंड कंपनियों के रकम वापसी का जिक्र तक नहीं किया। चूंकि कंपनियों के संपति अब भी अस्तित्व में हैं ऐसे में उसे लेकर निवेशकों में सरकारी गाइडलाइन पर नजर है। राशि वापसी के आवेदकों में दो हजार से 20 लाख रुपये तक निवेश करने वाले भी शामिल हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि जिले के करीब 65 हजार आवेदकों में से अधिकांश निवेशकों की राशि मेच्योर हो चुके थे। यानि उन्हे केवल राशि वापसी होनी थी।

## सीएम साय के शपथ ग्रहण का शहर में होगा लाइव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री के तौर पर रायगढ़ लोकसभा के पूर्व सांसद व वर्तमान कुनकुरी विधायक विष्णुदेव साय 13 दिसंबर को अपरान्ह 3 बजे राजधानी के साइंस कालेज मैदान में पद और गोपनियता की शपथ लेंगे। सीएम के साथ केबिनेट के एक दर्जन मंत्री भी शपथ ग्रहण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री समेत बड़े केन्द्रीय नेताओं की मौजूदगी रायपुर में रहेगी। वहीं पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लौटी भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण के कार्यक्रम का शहर से लेकर गांव तक लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए रायगढ़ में पंजरीप्लांट स्थित न्यू आडिटोरियम और गौरीशंकर मंदिर के पास ग्रैड मॉल में शपथ ग्रहण के प्रसारण की व्यवस्था की गई है। वहीं सारंगढ़ में बिलाईगढ़ जिले के चयनित शहरों और गांवों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के लाइव प्रसारण से आमजन को जोड़ने के लिए रायगढ़ व सारंगढ़ कलेक्टर ने नगरीय निकाय, पंचायत, जनपद अधिकारियों को निर्देशित किया है। निगम आयुक्त के निर्देश के अनुसार शपथ ग्रणह समारोह का प्रसारण खरसिया में पालिका कार्यालय सभाकक्ष, पुसौर नगर पंचायत परिसर, घरघोड़ा नगर पंचायत सभाकक्ष तथा लैलूंगा के साप्ताहिक बाजार धरमजयगढ़ के मंगल भवन में एलईडी स्क्रीन लगाकर लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी शुरू

**रायगढ।** भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में मोबाइल वैन के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर वचितों को इनसे लाभान्वित किया जाएगा। कलक्टर ने इस संदर्भ मे कलेक्ट्रेट मे योजनाओं की तैयारियों की समीक्षा भी कर ली है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को समाज के वंचित पात्र परिवारों तक पहुंचाना है। जिले में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। शीघ्र ही विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो ग्राम पंचायत मुख्यालय तक जाएगी।

## दहेज के लालची पति को 10 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ प्रताड़ित होकर नवविवाहित ने किया था अग्निस्नान

पति द्वारा लगातार दहेज में मोटरसाइकिल और रकम की मांग करने से प्रताड़ित नवविवाहिता में अग्नि स्नान कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस मामले में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पति को दोषी माना और 10 वर्ष के कारावास से दंडित किया।

इस संबंध में लोक अभियोजक दीपक शर्मा ने बताया कि साबिया राठिया का विवाह 11 मार्च 2021 को सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ। विवाह में साबिया के परिजनों द्वारा यथासंभव स्त्रीधनए दानए दहेज भी दिया गया किंतु उक्त स्त्रीधन से मृतिका का पति तथा उसके परिजन संतुष्ट नही थे तथा मोटर सायकल की मांग कर मृतिका के साथ क्रूरता करते हुए प्रताड़ित करने लगे। इस बात की जानकारी साबिया ने 11 अप्रैल 2021 को मायके जाने पर मायके वालों को दी गईए इसके पश्चात साबिया का पति उसे मायके से अपने घर ले आया। जहां 28 अप्रैल 2021 को प्रात 5 बजे साबिया अपने कमरे में अपने पति की उपस्थिति में स्वयं को आग लगा ली। जिसके बाद मृतिका के जेठ द्वारा पानी एवं कंबल डालकर आग बुझाया गया, मृतिका को गम्भीर अवस्था में जिला चिकित्सालयए रायगढ़ लाया गया जहां चिकित्सक द्वारा मृतिका को मृत घोषित कर दिया गया।

### ढलान पर चलते ट्रेलर पलटा, चालक की मौत

**रायगढ़।** ढलान में ट्रेलर पलटने से चालक इस कदर दबा कि उसकी मौत हो गई। वहीं घायल हेल्पर को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ गया। बेलगाम रफ्तार के कहर का यह मामला सारंगढ़ क्षेत्र का है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कनकबीरा चौकी अंतर्गत ग्राम रामटेक स्थित बड़े ढलान के पास मुख्य मार्ग में नागालैंड पासिंग नंबर की ट्रेलर क्रमांक एनएल 01 एजी 2305 बीती शाम पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने 112 नंबर डायल करते हुए पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस की कोशिशों के बावजूद घायल चालक व हेल्पर को बाहर नहीं निकाला जा सका जिसके बाद जेसीबी मंगाई गई और दोनों घायलों को बाहर निकाला गया। दोनों घायलों को लेकर नजदीकी अस्पताल भेजा गया तो उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर जिले के चुनार थाना अंतर्गत ग्राम राम सरोवर बड़ागांव निवासी ट्रेलर चालक मो. सलीम पिता मो. नजीर 38 साल ने शरीर के बाहरी के अलावे अंदरूनी हिस्सों में भी गंभीर चोटें लगने पर उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## हत्या के फरार दो आरोपी चढ़े लैलूंगा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिहारधार में हुए झगड़ा विवाद के बाद युवक की प्राथमिक उपचार के दौरान मौत के मामले में दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इस मामले में पहले ही एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। लैलूंगा पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों की तलाश बीते करीब 15 दिनों से की जा रही थी। जानकारी के मुताबिक 25 नवंबर को थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिहारधार में रहने वाले दिनेश गोंड पिता जलसाय सिदार उम्र 30 वर्ष को उसके परिजन ईलाज के लिये सीएचसी लैलूंगा में लेकर आए थे, जहां उसे चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। ऐसे में इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतक दिनेश गोंड के परिजनों ने बताया कि मृतक दिनेश और उसकी पत्नी लक्ष्मी सिदार की शादी के बाद अक्सर झगड़ा विवाद होता था। 21 नंवबर को दोनों पति पत्नी के बीच झगड़ा विवाद हुआ तो लक्ष्मी अपने बड़े भाई रहिदास सिदार को फोन कर ससुराल आने की बात कही। 22 नवंबर की दोपहर रहिदास सिदार मोटरसाइकिल में अपने दोस्त कृष्णा मांझी के साथ ग्राम सिहारधार आया, जिनके साथ मोटर सायकल में मायके जाने लक्ष्मी अपने छोटे बच्चे को लेकर तैयार हो गई। तब दिनेश ने बच्चे को नहीं ले जाने की बात कही और बच्चे को ले जाने की बात पर दोनों पति पत्नी के बीच झगड़ा विवाद हो गया। तब रविदास सिदार और उसका साथी कृष्णा मांझी लक्ष्मी का साथ देने लगे जिनसे दिनेश गोंड झूमाझटकी, करने लगा। इसी बीच रहिदास सिदार सड़क पर पड़े बांस के डंडा से दिनेश की बेरहमी से पिटाई कर दी। ऐसे में उसे काफी गंभीर चोंटें आई। दिनेश को उसके परिवार वाले लैलूंगा अस्पताल लेकर गए, जहां से उसे रायगढ़ रेफर किया गया। रायगढ़ अस्पताल से घायल दिनेश को बेहतर इलाज के लिए डीकेएस अस्पताल रायपुर ले जाने की सलाह दी गई। परिवारजन घायल दिनेश को लैलूंगा लेकर आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में दिनेश बेहोश हो गया, जिसे सीएचसी लैलूंगा लेकर गए, जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद घटना को लेकर थाना लैलूंगा में आरोपिया लक्ष्मी सिदार व अन्य के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज किया गया। जिसके बाद 26 नवंबर को विवेचना के दौरान आरोपिया लक्ष्मी सिदार उम्र 22 वर्ष को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार थे, जिनकी लैलूंगा पुलिस पतासाजी कर रही थी। फरार दोनों आरोपी रहिदास सिदार और उसके साथी कृष्णा मांझी घटना के बाद से फरार होकर ओड़िसा में लगातार अपना ठिकाना बदल रहे थे। थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज ने अपने मुखबिर से संपर्क में रहकर आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाया। इसी बीच उन्हें पता चला कि दोनों फरार आरोपी गांव आने वाले हैं। ऐसे में तत्काल थाना प्रभारी लैलूंगा अपने स्टाफ के साथ ग्राम राजाआमा, जशपुर रवाना हुए और आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर दोनों को हिरासत भी लेकर थाना लाया गया। आरोपियों ने घटना स्वीकार कर बताया कि घटना दिनांक को रहिदास की बहन लक्ष्मी सिदार को मोटर सायकल में साथ लेने आये थे, लेकिन लक्ष्मी का पति दिनेश साथ ले जाने से मना कर रहा था और लक्ष्मी के साथ दोनों से झूमाझटकी, झगड़ा विवाद करने लगा। इसी बीच रहिदास पास पड़े बांस के डंडा से दिनेश गोंड को मारपीट किया।

## मेडिकल कॉलेज में जब्त गुटखा, तम्बाकू के पैकेट जलाकर किए नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में मरीज के परिजनों से जप्त किए गए मादक पदार्थों का नष्टीकरण बुधवार की देर शाम अस्पताल गेट के सामने किया गया। इस दौरान सिक्योरिटी गार्ड हेड श्री बंसल अपने अन्य सहयोगी सुरक्षा गार्डों के साथ उपस्थित रहे। जिनके द्वारा मादक पदार्थ को आग लगाकर नष्ट किया गया। इसके बाद उसे उठाकर बाहर फेंका गया।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए अस्पताल प्रबंधन के साथ मिलकर सुरक्षा गार्डों द्वारा मरीज के परिजनों की जांच करने के बाद ही उन्हें अस्पताल में प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है। जिनके पास भी मादक पदार्थ गुटका, तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, पान, गुड़ाखू और अन्य कोई सामग्री मिलती है जिससे अस्पताल परिक्षेत्र प्रदूषित हो सके उसे बाहर ही रोक लिया जाता है। अस्पताल परिसर में मादक पदार्थों के लिए जाने से मरीज के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।



इस बात को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन लगातार अस्पताल में प्रवेश करने वाले लोगों की जांच करने में लगा है। सुरक्षा गार्ड प्रभारी श्री बंसल ने बताया कि अस्पताल आने वाले मरीज और उनके परिजनों को समझाइश दी जा रही है कि अस्पताल परिसर स्वच्छ रखने से ही वह भी स्वच्छ रहेंगे और जल्द स्वस्थ होकर अपने घर जा सकेंगे। इसके अलावा अन्य मरीजों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर नहीं पड़ेगा और यह आम जनता की संपत्ति हमेशा स्वच्छ और सुंदर रहेगी। गुटकाए पान तंबाकू खाने वाले लोग स्वयं के साथ.साथ अन्य लोगों के स्वास्थ्य पर भी गलत प्रभाव डालते हैं। इसलिए नशा से दूर रहने की समझाइए भी अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को दी जा रही है।

## संस्थाओं में यौन उत्पीड़न निवारण के लिए समिति गठित करने के निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने प्रत्येक कार्यालय में आंतरिक शिकायत समिति गठन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडऩ निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के निहित प्रावधान के अनुसार समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय, गैर शासकीय विभाग, कार्यालय संगठन, उपक्रम, उद्यम, संस्थान, शाखा अथवा इकाई में आंतरिक शिकायत समिति का गठन तत्काल कर प्रत्येक कार्यालय में उक्त समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की सूची, मोबाईल नंबर के साथ तथा उक्त अधिनियम के मूल तथ्य फ्लैक्स बोर्ड के माध्यम से कार्यालय के सार्वजनिक स्थल पर प्रदर्शित करते हुए कार्रवाई का पालन प्रतिवेदन 3 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर महिला एवं बाल विकास रायगढ़ में उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिए गए है। समिति का गठन न होने पर अधिनियम की धारा 26 के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति गठन न किए जाने पर नियोक्ता को 50 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है।

### कलेक्टर ने कहा- हर स्कूली बच्चों का बनाएं जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र

# नदी-घाटों के समीप गुजरने वाली ग्रामीण सड़कों पर लगेंगे हाइट बेरियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन पर लगातार कार्यवाही जारी रहनी चाहिए। इसके लिए ज्वाईंट टीम गठित कर नियमित वाहनों की जांच करें अनियमितता पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करें।

उक्त बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने समय-सीमा की बैठक के दौरान कही। उन्होंने नदी घाटों के समीप गुजरने वाले ग्रामीण सड़कों की शुरूआतए मध्य व अंत में हाईट बेरियर लगवाने के निर्देश ईई पीएमजीएसवाय को दिएए जिससे वहां हाईवा जैसे भारी वाहन न गुजरे व अवैध उत्खनन के साथ सड़कों को होने वाले नुकसान पर रोक लगे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत मिलने वाली सेवाओं के प्राप्त आवेदन का निराकरण समय-सीमा के भीतर होना चाहिए। इसकी हर सप्ताह समीक्षा की जाएगी। लापरवाही पर कार्यवाही होगी। आगे उन्होंने सभी संबंधित विभाग जिनकी सेवाएं लोक सेवा गारंटी के तहत आती हैए उन्हें अपने डेशबोर्ड का नियमित अवलोकन कर उसमें दर्ज होने वाले मामलों का त्वरित निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने आयुष्मान कार्ड निर्माण में प्रगति लाते हुए कार्ड से शासकीय अस्पतालों में भी कार्ड यूसेज बढ़ाने और लोगों को समुचित उपचार मुहैय्या करवाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए।



कलेक्टर श्री गोयल ने राजस्व मामलों के समय.सीमा के भीतर निराकरण पर जोर देते हुए सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों से कहा कि कार्यालयों में आने वाले मामले ई कोर्ट में दर्ज किए जाए। प्रत्येक सप्ताह पूरे जिले के प्रकरणों में हुए निराकरण की मॉनिटरिंग की जाएगी। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें और न ही मामलों को अनावश्यक लंबित रखें।

उन्होंने भू.अर्जन के पश्चात अभिलेखों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। जिससे आगे चलकर किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री गोयल ने जिले में उचित मूल्य की दुकानों में शत प्रतिशत ई.केवाईसी के लिए कैंप लगाकर अभियान चलाते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीईओ जनपदों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि पेंशन प्रकरण का निराकरण समय सीमा के अंदर होना चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने श्रम विभाग में पंजीकृत सभी श्रमिकों के आधार कार्ड की जानकारी अपडेट करने के निर्देश सहायक श्रमायुक्त को दिए।

#### हर स्कूली बच्चे का बनाएं प्रमाण पत्र

कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में स्कूली बच्चों के जातिए निवास और आय प्रमाण पत्र बनाए जाने के संबंध में जिला शिक्षाधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने राजस्व और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए हर स्कूली बच्चों के प्रमाण पत्र बनाकर देने के लिए निर्देशित किया। साथ ही निवास और आय संबंधी लंबित प्रकरणों को भी यथाशीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए।

